[Shri T. N. Singh.]

information about the person or persons who are involved in this. If the Government will care to go into this question I would welcome it. In any case I shall be obliged if within a short period the Government come out with some information that they are taking action in this and will set up an enquiry into this matter at an early date.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned till 2-15 P.M.

The House then adjourned for lunch at forty-eight minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at quarter past two of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE.

श्री ओउम्प्रकाश त्यागी (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति जी, आज मुझे ऐसे विषय पर बोलने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है जो किसी भी राष्ट्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और जो उसकी समस्त प्रगतियों का आधार होता है। भारतवर्ष को आज 25 वर्ष स्वतंत्र हुये हो गये, परन्तु मैं यह कहना चाहूंगा कि शिक्षा का जहां तक सम्बन्ध है, मैं उसके लिए शिक्षा मंत्रालय को और शिक्षा मंत्री को दोष नहीं देता, बल्कि मैं पूरी सरकार को दोष देना चाहता हूं। उनकी योजना बनाने वालों को दोष देना चाहता हूं, जिन्होंने और मंत्रालयों को तो महत्व दिया है, परन्तु शिक्षा मंत्रालय को अधिक महत्व नही दिया। जब बजट बनता है तो शिक्षा मंत्रालय एक कोने में खड़ा रह जाता है बेकार लोगों की तरह और ऐसा लगता है कि मानो शिक्षा मंत्रालय ऐसा ही है कि उसमें कुछ काम स्वयं ही हो जायगा। शिक्षा को बजट में कोई महत्व नहीं दिया गया जबकि शिक्षा ही मूल आधार थी, इन तमाम योजनाओं की ओर यही कारण है कि आज सरकार के सामने सर्वत्र असफलतायें नजर आ रही हैं। इसका मूल कारण यही है कि हमने अपने शिक्षा मंत्रालय और शिक्षा संस्थाओं की उपेक्षा की। आशा है कि अब सरकार इधर ध्यान देगी। इसमें टूटा-फूटा जो भी कार्य हुआ है, उसके आंकडे मैंने देखे। उनके देखने से ऐसा पता लगता है कि बहुत अधिक प्रगति हुई है। जहां 1961 में 49 विश्वविद्यालय थे, वहां अब 1971 में 93 हो गये हैं। जहां 1961 में कालेजों की संख्या 1,783 थी, अब वह बढ़ कर 3,604 हो गयी है। इसी प्रकार अध्यापकों की संख्या भी बढ़ी है। जो पहले प्रोफेसर्स 63,053 थे, अब '71 में 1,28,876 हो गये हैं, परन्तु जब यह देखा कि उसका परिणाम क्या हुआ तो आश्चर्य हुआ और आज ही जो एक प्रश्न का उत्तर आया शिक्षा मंत्रालय की ओर से उसे देख कर मैं तो आश्चर्य में रह गया कि 1961 में जहां निरक्षरों की संख्या 33 करोड़ 30 लाख थी, वहां अब 1971 में सेंसस रिपोर्ट के अनुसार उनकी संख्या 38 करोड़ 60 लाख हो गयी है, यानी शिक्षा मंत्रालय काम कर रहा है और निरक्षरों की संख्या बढती जा रही है, यह एक आश्चर्य और खेद की बात है। फिर आंकड़ों में यह भी है कि जहां प्रगति हुई है उस के आंकड़े भी हैं। निरक्षरता दूर करने की दिशा में प्रगति हुई है। 1951

में निरीक्षरों का जो प्रतिशत था वह 16.67 था, 1961 में यह वह 24.02 रहा, अब 1971 में वह 29.34 रहा और इस दिशा में बढोत्तरी हुई है, 5 परसेंट से 8 परसेंट, यानी 1951 से 1961 तक 8 परसेंट की बढोत्तरी हुई और 1961 से 1971 में जहां पहले 24.02 परसेंट था अब वह 29.35 परसेंट हो गयी, वह भी प्रगति कर गये और निरक्षरता की दिशा में केवल 5 परसेंट की प्रगति हुई। आजादी के समय 76 परसेंट के करीब निरक्षरता थी, अब वह 71 परसेंट है, 5 परसेंट उसे आप दूर कर सके हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं शिक्षा का मूल लक्ष्य एक बात को मानता हूं। बडे-बड़े इंजीनियर्स, डाक्टर्स, फिलासफर्स पैदा करना ही मैं शिक्षा का ध्येय नहीं मानता। शिक्षा का ध्येय मैं मानता हूं कि वह इंसान बनाये। अगर शिक्षा इंसान को इंसान नहीं बनाती और उसे केवल डाक्टर बना दे और उसमें इंसानियत न हो तो ऐसी शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है। हमारे यहां संस्कृत मे आता है:

'सक्षरा विपरीता: राक्षसा भवन्तु'। अर्थात् अगर पढ़ा लिखा आदमी गलत रास्ते पर चला जाय तो वह राक्षस बन कर खड़ा हो जाता है। यही कारण है कि आज देश में साक्षरता की दृष्टि से पढ़े लिखों की संख्या तो बहुत बढ गयी है, परन्तु उन में जो इंसानियत की मात्रा थी वह घटी और इतनी घटी कि वह शून्य से भी ज्यादा नीचे गिर गई और उसका परिणाम यह हुआ कि कोई भी आदमी, डाक्टर हो, इंजीनियर हो, प्रोफेसर हो चाहे मिनिस्टर हो, अपने पद पर रहते हुये काम नही करता, अपनी ड्युटी के लिये ईमानदार नहीं है और यही कारण है कि सर्वत्र भ्रष्टाचार है, बेईमानी है। जिसका नाम राष्ट्रीय चरित्र है वह बिलकुल गिर गया है। मैं आज की बात नही कहता। उपाध्यक्ष महोदय मैं 1966 ई० में इंगलैंड से पानी के जहाज से आ रहा था, अलेक्जड्रिया पर जब जहाज आ कर रुका तो जहाज के कप्तान ने सब पैसेंजर्स को बुला कर यह कहा कि अब यूरोप नहीं है, यूरोप खत्म हो गया है, यहां से मिडिल ईस्ट शुरु हो गया है, मिडिल ईस्ट से भारत तक अब आपको चरित्रहीनता और भ्रष्टाचार मिलेगा और बेइमान आदमी मिलेंगे, इसलिये आप बाजार में जाओ तो सावधानी से खरीदारी की बात कीजियेगा। इतनी ठेस लगी मुझको, जब भारत का भी नाम साथ में जुडा तो हमने कहा कि भारत के प्रति इस प्रकार का विचार है। तो राष्ट्रीय चरित्र का उत्थान करने में आपने और शिक्षा मंत्रालय ने क्या किया ? यह मैं मानता हूं कि शिक्षा प्रान्तीय विषय है, किन्तु केन्द्रीय विश्वविद्यालय भी हैं और यूनियन टैरिटरीज भी आपके पास है, आप आदर्श उपस्थित कर सकते थे परन्तु नही किया और आज सर्वत्र चरित्रहीनता का, भ्रष्टाचार, घूसखोरी, झूठ और बेइमानी का बोलबाला है और इसका यह कारण है कि हमारी शिक्षा में चरित्र-निर्माण को कोई स्थान नहीं दिया गया है। मैं इस सम्बन्ध में यह कहना चाहूगा, मेरा सुझाव है कि जब तक शिक्षा संस्थाओं मे नैतिक

[श्री ओउम्प्रकाश त्यागी]

शिक्षा को अनिवार्य नहीं बनाया जायगा, मारल टीचिंग को अनिवार्य रूप से, आवश्यक रूप से नहीं लागू किया जायगा, चरित्र-निर्माण को भी शिक्षा का अंग नहीं बनाया जायगा, तब तक राष्ट्रीय कैरेक्टर बनेगा नहीं और जब राष्ट्रीय चरित्र नहीं बनेगा तो कोई भी योजना सरकार की सफल हो सकेगी, इसमें मुझे संदेह लगता है।

दूसरी चीज़ मैं कहना चाहता हूं और वह है प्राइमरी शिक्षा की बात। पहले भारतवर्ष में क्या रहा, कितनी संख्या पढ़े लिखे लोगों की थी कितनी नहीं थी वह और बात है, लेकिन अगला भारत तो हम बना डाले, अगले भारत में तो पढ़े लिखे लोग हो जायं, हम तो मौत के मुंह में खेड़ हुये हैं, परन्तु जिन लोगों के हाथ में बागडोर देनी है वह तो पढ़ लिख कर खडे हो जायं लेकिन इन 25 वर्ष के आंकड़ों के अनुसार मैं यह देख रहा हूं कि साक्षरता की दिशा में हम प्रगति नहीं कर रहे हैं, जो आने वाली संतानें हैं, उनमें भी अपढ़ हैं, निरक्षर लोगों की संख्या बढ़ी है, 8 करोड़ से अधिक की उनमें संख्या बढ़ी है। उसका मूल कारण क्या है कि पहले के निरक्षरों में नये निरक्षर बढे हैं। जो करोड़ों की संख्या संतानों में निरक्षरों की संख्या बढ़ी है उसका कारण क्या है। इसके दो मुख्य कारण हैं। यह देश शहरो का नहीं है, यहां पांच हजार शहर होंगे तो बाकी 7 लाख से ज्यादा गांव होंगे, जहां कि सड़के नहीं हैं, कुछ नहीं है और वहां पर कहीं प्राइमरी स्कूल है आपके पास। एक-एक स्कूल बना दिया है दो-दो मील के फासले पर, तीन-तीन मील के फासले पर। कहीं-कहीं स्कूल है और वह दो-दो या तीन-तीन मील के फासले पर हैं, तो पांच या छः साल का बच्चा वहां कैसे पढ़ने के लिए जायगा। आपने यह जानबूझ कर किया है कि इस गांव के बच्चे पढेंगे। इससे चुनाव में प्रभाव पड़ेगा और आपकी, कुर्सियां संकट में पड़ जायेंगी। आप जनता की निरक्षरता का लाभ उठा रहे हैं। जब तक हर एक गांव में प्राइमरी स्कूल नहीं बन जाता, तब तक आप छः साल या पांच साल के बच्चे को स्कूल में नहीं ले जा सकेंगे। परन्तु आज देश की यह स्थिति नहीं है। और उसके साथ-साथ एक चीज़ और है कि जो बच्चा स्कूल में आता भी है उनमें से भी 50 फीसदी बच्चे पांचवीं या छठी तक नहीं रह पाते हैं, पहले दूसरे या तीसरे वर्ष में ही खिसक कर चले जाते हैं, वह नहीं पढ़ पाते। उसका मूल कारण है ग़रीबी। माता-पिता ग़रीब हैं, वे अपने काम धंधों में भी बच्चों की सहायता लेते हैं और उस सहायता लेने के लिए वे बच्चों को नहीं पढ़ाते।

दूसरी सामाजिक बीमारी भी है। आज ही जवाब दिया मंत्री महोदय ने और वह यह कि गरीबी के कारण भी बच्चे बहुत से स्कूल से हट जाते हैं। मैं मंत्री महोदय को सूचना देना चाहता हूं, मैं गांव का आदमी हूं और मैं जानता हूं कि उसका कारण क्या है मास्टरों में, अध्यापकों में अधिकांश सवर्ण लोग हैं जो कि, जो गरीब बच्चे हैं, हरिजनों के बच्चे हैं, उनको मारते हैं, तंग करते हैं, बेइज्जत करते हैं और ऐसा वातावरण स्कूल में बना देते हैं कि वे बेचारे तंग आकर स्कूल छोड़ देते हैं। आज अनुसूचित

जाति के लोगों में भी भावना है कि हमारे बच्चे बी० ए० पास हों, ग्रेजुएट हों, उनकी यह इच्छा नही कि उनके बच्चे उनके साथ काम करने जाएं। उनकी जो भी इच्छा हो, परन्तु स्कूलों में वह वातावरण मिल रहा है, जिसको छोड़ कर वे भागे जा रहे है। ग़रीबी भी एक कारण है, परन्तु यह भी इस प्रकार का एक कारण है जो मैंने बताया। यह मंत्री महोदय के हाथ की बात तो है नहीं, यह तो सरकार के हाथ की बात है और अगर सरकार को इस देश का कल्याण करना है तो प्राथमिक शिक्षा को केन्द्रीय विषय बना लेना चाहिए, तुरन्त यह भारत सरकार का केन्द्रीय विषय बन जाना चाहिए और युद्ध-स्तर पर, जिस प्रकार युद्ध की तैयारी के लिए हमारे मिनिस्टर भागे-भागे फिर रहे हैं कि ईरान हथियार पहुँच गए पाकिस्तान ने चाइना से आर्म्स ले लिए, यह ले लिया, वह ले लिया, तो जिस प्रकार हमारे डिफेन्स मिनिस्टर रशिया भागे-जा रहे हैं, तो उससे भी तीव्र गति से हमारे शिक्षा मंत्री देश के कोने-कोने में भागते फिरें और देखें स्कूल कहां बने है, कहां नहीं बने हैं। मैं यह मानता हूं कि अगर एक बार हम शिक्षा के दृष्टिकोण से उठे, तैयार हो गए, तो संसार में हमें किसी भी प्रकार का कोई खतरा नही रहेगा, हम तैयार हो जाएंगे। परन्तु शिक्षा को युद्ध-स्तर पर लेना होगा। और 6 से 11 साल के बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा दी जाए। जो माता-पिता न दे सके, उनको इसके लिए आर्थिक सहायता देनी पड़ी, तो वह भी दी जाए। उनके बच्चों को अगर दोपहर को भोजन नही मिलता है तो गवर्नमेन्ट की ओर से देना चाहिए। परन्तु आने वाली संतान को यह गवर्नमेन्ट कह सके कि अब देश में कोई बे-पढ़ा-लिखा नहीं रहेगा। इस देश में पहले जो बे-पढ़ा रहा सो रहा, लेकिन आगे इस प्रकार की स्थिति नहीं रहने दी जाएगी।

दूसरी समस्या है प्रौढ़ शिक्षा की। यह समस्या तो मैं कहूंगा कि गवर्नमेन्ट ने जानबूझ कर हल नही की। शिक्षा डेमोक्रेसी का मूलाधार होती है। अगर वह सरकार प्रजातंत्र को स्वीकार न करती एक लोकतंत्र के स्थान पर राज-तंत्र स्थापित करती, फासिज्म और नाजिज्म लेकर चलती तो मैं कहता कोई चिंता की बात नहीं है; क्योंकि उसमें तो पढ़े और बे-पढ़े सब एक डंडे से हांके जाते हैं। परन्तु प्रजातंत्र को स्वीकार करने के पश्चात फिर देश में बे-पढ़ रहें और बे-पढ़ आदमी यह न जाने वोटिंग के मानी क्या हैं, वोट की कीमत क्या है, वह जाने नहीं प्रजातंत्र क्या है, तो फिर इस देश में डिमोक्रेमी एक ढ़ोंग है। आज यही हो रहा है, एक ड्रामा बनाया हुआ है, जनरल इलेक्शन्स आते हैं, वोटिंग होती है और उपसभापति महोदय, मैं जानता हूं, जाति के नाम पर, बिरादरी के आधार पर, ऊंच-नीच के नाम पर, वोटिंग होती है, बे-पढ़ आदमी आंख बंद करके वोट डाल देता है। पूछिए उनसे: भाई, कहां जा रहे हो? तो जवाब देगा: गऊ माता को वोट देने जा रहा हूं। वोट गऊ माता को दे रहे हो या पार्टी को यह भी उसको पता नहीं। उनके दिमाग में यह है कि गऊ माता को वोट नहीं देगे तो हमारे ऊपर पाप चढ़ जाएगा और इसी अनढ़ता और निरक्षरता के खयाल से ही माननीय बहिन प्रधान मंत्री इन्दिरा गाधी ने, गौ-रक्षा विरोधी होने हुए भी गऊ का चुनाव चिह्न लिया, यह निरक्षरता के पक्ष में इसीलिए, क्योकि जब 1961 में 33 मिन लिय लोग बे-

[श्री ओउम् प्रकाश त्यागी]

पढ थे, अब 386 मिलियन क्यो हो गए ? बढ़ क्यों गई संख्या ?

उपसभापति महोदय, मंत्री महोदय के ऊपर मेरा विश्वास है, बहुत लायक आदमी हैं और मै समझता हूं वे जवाब देगे तो योग्यता से जवाब देंगे, परन्तु मैं यह कहना चाहता हू कि जब देश यह निश्चय कर लेता है कि देश में निरक्षर आदमी कोई नही रहेगा, तो फिर क्यों आज ऐसी स्थिति है ? निरक्षरता 3 महीने मे दूर हो सकती है, चौथा महीना लगने की जरूरत नही है। मैं उदाहरण देना चाहता हूं चाइना का। चाइना ने अपने यहां सोच लिया था कि हमारे यहा निरक्षरता सरलता से तो दूर होनी नहीं। उन्होंने स्कूल और कालेजों को बंद कर दिया। विधार्थियों और अध्यापकों को आदेश दिया कि जितनी तुम्हारी डिग्रियां हो गई वह हो गई अब तुम जाओ देहात में। एक-एक गांव और चप्पा-चप्पा में चले जाइये और सब को साक्षर बना कर आइये। जब तक इस तरह की बात नही की जायेगी, तब तक हमारे देश में साक्षरता फैलने वाली नही है। हमारे यहां इतने कालेज है, इतनी यूनीवर्सिटियां है और इनमें से हजारों विद्यार्थी साक्षर हो कर निकलते है। इन लोगों का ग्रीष्म अवकाश होता है तो फिर इन लोगों का उपयोग चीन की भांति साक्षरता फैलाने के लिए क्यो नही किया जाता है।

शिक्षा मत्रालय हर साल रिपोर्ट निकालता है, आंकड़े देता है कि इस साल इतने स्कूल खोल दिये गये है और इतने बेकारों को नौकरी दे दी गई है। तो मेरा निवेदन यह है कि गर्मियों की छुट्टियां होती है, दो महीने की छुट्टी होती है, तो उसमें तमाम विद्यार्थियों को, प्रोफेसरों को और मास्टरों को साक्षरता फैलाने के काम पर लगाइये और उनकी मदद लीजिये। अगर आप एक दो अवकाशो में इस तरह का प्रयोग करेगे, तो सारे देश में बहुत काफी साक्षरता आ जायेगी, जिसके कारण काफी संख्या में लोग पढ़ने लगेंगे, समझने लगेंगे और समाचारपत्र उनकी समझ में आने लगेंगे। लेकिन आजकल तो चुनाव की बीमारी है और यह एक ऐसी बीमारी है कि उस बीमारी मे कोई भी आदमी जो उसमें प्रलोभन होता है, कुर्सी का प्रलोभन, वह उसको नहीं छोड़ सकता है। इसलिए जो प्रौढ़ अशिक्षित है, वे साक्षर हो सकेंगे, इसमें मुझे सन्देह है।

मेरा सुझाव यह है कि आप ग्रीष्म अवकाश में मास्टरों का उपयोग करें और साथ में जो रिटायर्ड आदमी हैं उनकी सेवाओं को इस काम में लिया जाय। इस समय देश में जितनी भी शिक्षा संस्थाएं है, उनकी सेवा भी इस कार्य के लिए ली जाय।

दूसरी बात में ऊंची शिक्षा और कालेजों के बारे में कहना चाहता हूं। हमारे यू०जी०सी० की ओर से इस तरह की संस्थाओं को सहायता दी जाती है। हमारी गवर्नमेंट धर्म निरपेक्षता में विश्वास करती है और वह जाति धर्म विशेष या क्षेत्र विशेष की भावना से दूर है, परन्तु मेरी समझ में यह बात नहीं आई, जब मैंने कालेजों की वह लिस्ट देखी, जिनको सरकार की ओर से सहायता दी जाती है। आज हमारे प्रान्तों में इस तरह की संस्थाएं हैं, जो जाति के नाम पर स्थापित हैं, जो धर्म के नाम पर स्थापित है और इस तरह की संस्थाओं

को सरकार की ओर से सहायता दी जा रही हे। मेरा कहना यह है कि कम से कम इस तरह की सस्थाओ को केन्द्रीय सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की सहायता नही दी जानी चाहिए। मेरा ख्याल है कि इस तरह की सहायता केन्द्रीय सरकार की ओर से दी जाती है और मत्री जी यहा पर बतलाये कि यह सहायता किन किन सस्थाओ को कितनी कितनी दी जाती है क्योकि मैं इस सम्बन्ध मे आकडे देखकर आया हू। आपने काशी विद्यापीठ बनारस को, उसके अपने प्लान के लिए 3 लाख रुपया दिया है और नान-प्लान्ड के लिए 8 लाख रुपया दिया है। गुजरात विद्यापीठ को आपने दो लाख रुपया दिया है और नान-प्लान्ड के लिए 6 9 लाख रुपया दिया है। गुरुकुल कागडी को उसके प्लान के लिए आपने 1 लाख रुपया दिया है और नान-प्लान्ड के लिए 6 30 लाख रुपया दिया है। जामिया मिलिया को आपने 3 लाख रुपया दिया है और नान-प्लान्ड के लिए 28 लाख रुपया दिया है। किसी को आपने एक लाख रुपया दिया है तो किसी को 28 लाख रुपया दिया है। तो मै आप से यह जानना चाहता हू कि आप जो कालेजो को सहायता देते है उसका मापदड क्या है और किस आधार पर आप यह सहायता देते है? अगर आप पिछले आकडो को देखेगे तो आप को इस तरह की भिन्नता और भेदभाव दिखलाई देगा। मेरा कहना यह है कि आप सभी कालेजो तथा इस तरह की सस्थाओ को समान रूप से सहायता दे ताकि वे सब ऊचा उठने की कोशिश करे। अगर आप इस तरह की नीति पर चलेगे तो बहुत अच्छा रहेगा।

उपसभापति जी, मुझे केन्द्रीय विश्वविद्यालयो के सम्बन्ध मे विशेष रूप से कहना है। केन्द्रीय विश्व-विद्यालयो की समस्या बहुत दिनो से चली आ रही है और जो भी शिक्षा मत्री साहसवाला, देशभक्त या ईमानदार आ जाता है, तो वह अधिक दिनो तक यहा पर नही रहता है और उसको यहा से छोडकर जाना पडता है। मुझे भय लग रहा है शायद वर्तमान मत्री श्री नूरुल हसन साहब—मेरी दृष्टि मे वे ईमानदार है और अच्छे आदमी है—भी रह सकेगे या नही क्योकि विश्व-विद्यालयो की समस्या सामने आई है। चाहिए तो यह था कि जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय है उन सब पर एक ही नियमावली लागू होनी चाहिए थी, इस नियमावली के नीचे जो विश्वविद्यालय चलना चाहते है वे चले। साफ कहना चाहिए था कि हमारा देश सेक्युलर है, हम सेक्युलरिज्म मे विश्वास करते है, किसी भी ऐसे केन्द्रीय विश्व-विद्यालय को सहायता नही दी जायगी जिसका सेक्युलरिज्म मे विश्वास नही है, चाहे उसका नाम कुछ भी हो, चाहे वह हिन्दू विश्वविद्यालय हो या अलीगढ मुस्लिम यूनीवर्सिटी हो। ऐसा नही हुआ। परिणाम यह हुआ कि अब अलीगढ यूनीवर्सिटी का बिल पास हुआ, उस पर प्रदर्शन हुए। इतना ही नही चूकि उत्तर प्रदेश के चुनाव आ रहे है इसलिए केवल रूलिग पार्टी ही नही विरोधी पार्टीज भी बेचैन हो रही है मुसलमानो को खुश करने के लिए, कहती है कि तुम्हारे साथ बडा अन्याय हो रहा है, एजीटेशन करो, हम तुम्हारे साथ है, विरोधी पार्टियो की भी मीटिग हो रही है, उकसाया जा रहा है, सेक्युलर नीति के विपरीत भाषण और प्रचार चल रहा है, माननीय प्रधान मत्री जी के घर पर भी धरना दिया जा रहा है। मैं मत्री महोदय से आश्वासन चाहूगा कि इस प्रकार के आन्दोलन और प्रचार से आप लड़खड़ा तो नही

[श्री ओउम्प्रकाश त्यागी]

रहे, कही उसमे, अलीगढ यूनीवर्सिटी एक्ट मे परिवर्तन करने तो नही जा रहे, जैसी कि माग आ रही है और जो सेक्युलरिज्म के ढाचे मे फिट नही बैठती।

सस्कृति के बारे मे शिक्षा मत्रालय का एक काम सास्कृतिक प्रचार भी है। मैं पहले लोकसभा मे रहा और अब यहा भी हू, जितने मत्री आए उनसे मैंने बारबार जानने की चेष्टा की है, पूछा है कि भारतीय सस्कृति की परिभाषा क्या है? भारतीय सस्कृति क्या है, उसके सिद्धान्त क्या है कोई नही बताता। तमाम ससार मे एक देश भारत ही ऐसा है जिसकी सस्कृति नाम मे है पर उसकी सस्कृति क्या है यह कोई नही बताता। विद्वानो की दृष्टि से किसी भी देश की आत्मा उसकी सस्कृति होती है, सस्कृति के बिना राष्ट्र मर जाता है। भारत की सस्कृति क्या है–नाच और गाना। ये ललित कला को सस्कृति मान बैठे है और उसी के जगह जगह केन्द्र बन रहे है, नाच का केन्द्र बन जाता है, गाने का केन्द्र बन जाता है और जब बाहर सस्कृति के प्रचार के लिए प्रतिनिधि मडल भेजना होता है तो नाचने–गाने वालो का दल भेज दिया जाता है, वह चला जाता है और उसका प्रचार हो जाता है कि हमारे इतने सस्कृति प्रतिनिधिमडल चले गए और उन्होने उसका प्रचार किया, लेकिन आज तक किसी ने यह नही बताया–इतने विद्वान यहा से गए, अपनी सस्कृति का प्रचार करने के लिए–कि इन फडामेटल्स का प्रचार हमने किया। महात्मा गाधी अन्त तक हमारी सस्कृति का प्रचार करते करते मर गए। विदेशी विद्वानो ने भारतीय सस्कृति पर ग्रथ पर ग्रथ लिखे है, लेकिन हमको पता नही है कि हमारी सस्कृति क्या है। आज मैं माननीय मत्री महोदय से जानना चाहूगा कि वे बताए कि भारतीय सस्कृति के फडामेटल्स क्या है।

श्री बी० टी० केम्पराज . आप हो बता दीजिए।

श्री ओउम्प्रकाश त्यागी . मैं बताता हू।

एक माननीय सदस्य · किसको बता रहे हो।

श्री ओउम्प्रकाश त्यागी ऐसे आदमियो को बता रहा हू जो समझ नही रहे। अहिसा, सत्य, अस्तेय ब्रह्मचर्य अपरिग्रह। शौच, सन्तोष, तप स्वाध्याय ईश्वर प्रणिधान।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि आपने सास्कृतिक प्रचार के लिए क्या किया? आपकी रिपोर्ट मैंने देखी है, उसमे एक साहित्य अकादमी है। मैंने सोचा कि इसने कुछ किताबे लिखी होगी। उसमे नावल और ड्रामा भरे पडे है। तो सास्कृतिक प्रचार नावल और ड्रामा भी हो सकता है, लेकिन मैं यह जानना चाहूगा कि पहले तो आप यह बताये कि हमारी सस्कृति क्या है, इसके फडामेटल्स क्या है। इसके प्रचार के लिए आपने क्या किया है। मैं स्कूल मे बच्चो को देखकर आपसे पूछता हू कि वह बच्चे जानना चाहते है कि हमारी सस्कृति क्या है। आपने इसके लिए क्या साहित्य तैयार किया है।

दूसरा प्रश्न यह है कि किसी देश का अभिमान और गौरव उसकी प्राचीन सस्कृति और इतिहास पर होता है। क्या भारतवर्ष का प्राचीन सास्कृतिक इतिहास नही है? भारतीय सस्कृति

का इतिहास नहीं है जिसके चिन्ह आज बेबीलोनिया, मंगोलिया, इंडोनेशिया में मिलते है? तमाम दुनिया के विद्वानों ने भारतीय संस्कृति पर ग्रन्थ लिखे हैं। लेकिन हमारे यहां कोई भी ग्रंथ तैयार नहीं हुआ। तो मैं जानना चाहूंगा अपनी गवर्नमेंट से कि क्या आपने इस प्रकार का साहित्य तैयार कराया ?

इसके अतिरिक्त मेरी दूसरी बात यह है कि भारतवर्ष आर्थिक दृष्टिकोण से अपने संबंध अन्य देशों से स्थापित करे। ठीक है, यह देश गरीब है, आर्थिक दृष्टिकोण से हम दूसरों की ज्यादा सहायता नहीं कर सकते। लेकिन एक बात मैं कहना चाहता हूं कि प्राचीन काल से मध्य एशिया और अरब के देशों के और दक्षिण एशिया के देशों के लिए सांस्कृतिक दृष्टिकोण से हमारा देश केन्द्र रहा। बगदाद जो आज हमारा विरोधी होकर खड़ा हो गया है, जब भारतीय संस्कृति का मिडिल ईस्ट सांस्कृतिक केन्द्र होता था वहां ग्रन्थों के ट्रांसलेशन होते थे और वहां से भारतीय संस्कृति ग्रीस होती हुई यूरोप में जाती थी।

उपाध्यक्ष महोदय, इनके डिपार्टमेंट में एक विभाग है इंडियन काउंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च। नाम बहुत सुन्दर है। इतना सुन्दर नाम है कि मैंने सोचा शायद कोई सोशल साइंस पर रिसर्च की होगी। मै मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि इस इंडियन काउंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च विभाग की ओर से कितने ग्रन्थ लिखे गये हैं, कितने ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं और किन किन विषयों पर रिसर्च हो रही है। विशेष रूप से मैं यह जानना चाहूंगा कि वह कौन सा सामाजिक विषय है जिस पर इस इंस्टीट्यूशन में रिसर्च की गई है। वर्तमान वैज्ञानिक युग में हमारे सामाजिक ढांचे पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। हमारे सामाजिक नियम और साधनों पर वर्तमान वैज्ञानिक उन्नति का असर और प्रभाव पड़ रहा है, इसके सम्बन्ध में कोई ग्रन्थ आपके यहां से लिखा गया हो तो आप उस सम्बन्ध में सकेत करें।

अन्त में, चूंकि घंटी बज चुकी है, एक बात कहना चाहता हूं और वह यह कि आपने दिल्ली विश्वविद्यालय को 7 करोड़ का धन दिया है, यू० जी० सी० को आपने 31 करोड़ का धन दिया। दिल्ली की आबादी 40 लाख है, तमाम 55–56 करोड़ देश के लोग हैं, आपने उन के लिए केवल 24 करोड़ रखा और दिल्ली को 7 करोड़ रुपया दिया। यह दूसरे विश्वविद्यालयों के साथ आपने अन्याय किया। यानी आधी परसेंट जनता को 7 करोड़ दिया है तो यह किस आधार पर दिया है ?

एक और बात मैं जानना चाहूंगा। दिल्ली में प्राइवेट कालेजेज चल रहे हैं। उन्होंने खून पसीना एक करके घर घर जाकर चंदा मागकर वे प्राइवेट कालेजेज खोले हैं।

आर्य समाज की ओर से मैं कहता हूं कि हमने न मालूम कितने इंस्टिट्यूशंस खोले और उन के लिए मालूम नहीं किस तरह से चंदा मांगा। अब जब नियत्रण का प्रश्न सामने आया पहले आपने प्रबंध समिति में ट्रस्ट के 10 रखे थे, विश्वविद्यालय के 2 रखे थे और अध्यापकों के 3 प्रतिनिधि रखे थे और अब आपने ट्रस्ट के 3 आदमी कर दिये, 2 विश्वविद्यालयों के कर दिया और 5 अध्यापकों के कर दिये। जिन आदमियों ने उन कालेजों को बनाया है और जो लोग चन्दा घर घर मांग कर के उनको चला रहे हैं उनको अब आपने अलग फेंक दिया है। जब उनका इंट्रेस्ट ही नहीं रहेगा तो इसके माने यह हैं कि

[श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूटावत]

इन इंस्टिट्युशंस को आप को स्वयं संभालना पड़ेगा, अन्यथा आप उनको प्रोत्साहन दीजिए और उनको अनुत्साहित मत कीजिए। जो शिक्षा के क्षेत्र में आपको सहायता पहुंचा रहे हैं उनको आप उत्साहित कीजिए। इतना ही मुझे आपसे निवेदन करना है।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत (राजस्थान) : उपसभापति महोदय, इसमें दो रायें नहीं है कि पिछले 25 वर्षो में हमारे देश में साक्षरता का प्रचार हुआ है। इस में भी दो रायें नही है कि पहले के मुकाबिले में बहुत बड़ी धन राशि शिक्षा के ऊपर व्यय की जा रही है। इसमें भी किसी के दो मत नही हो सकते कि शिक्षा विभाग में एक से एक शिक्षाविद् आयें जिनके हाथ इसका कार्यभार सौंपा गया। मैं यह भी मानती हूं कि शिक्षा को किस प्रकार ओरियंटलाइज किया जाय, किस पद्धति पर डाला जाय, किस प्रणाली पर चलाया जाय इसके बारे में शिक्षाविदों की एक नही अनेक मीटिंगें हुई और उन्होंने उसके ऊपर विचार विमर्श किया और न जाने कितने प्लान बने, लेकिन इन सब के होते हुए भी जब हम आत्मनिरीक्षण की दृष्टि से अपने मुल्क पर नजर डालते है तो हमें कई खामियां नजर आती हैं। खामियां तो हर एक काम में होती हैं और उनको सुधारा जाता है, लेकिन हमें यह नज़र आता है कि बुनियादी तौर से जहां तक शिक्षा का सवाल है हम लोग ज़बरदस्त गलतियां करते चले जा रहे है। हमारे देश की जरूरतों को देखते हुए, हमारे यहां की स्थिति को देखते हुए जिस प्रकार की शिक्षा प्रणाली बदली जानी चाहिए थी, हम उसे बदलने में बिल्कुल कामियाव नहीं हो पाये। जो ढ़ांचा अंग्रेजों ने रखा था करीब करीब उसी ढ़ांचे के ऊपर हम आज भी चले जा रहे है। इसके अलावा जो ढ़ांचा अंग्रेजों ने हमारे यहां रखा था और वह केवल क्लर्क पैदा करने का रखा था और बदनसीबी से आज भी हम केवल क्लर्क पदा करते चले जा रहे है, बल्कि मैं यह कहूंगी कि आज जो हमारा शिक्षा विभाग है वह बेकारों की गढ़ने की एक टकसाल है जहां लाखों बेकार नवयुवक गढ़े जा रहे है।

इसके अलावा जहां मुझे परेशानी होती है वह शिक्षा विभाग की एक नीति को देख कर होती है और वह यह है कि हम अपने मुल्क को जिस दिशा की ओर ले जाना चाहते हैं, जिस तरह की हम अपने यहां की शासनप्रणाली चलाना चाहते हैं या जिस दिशा में हम देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं, शिक्षा उसके विपरीत जा रही है। यदि हम मुल्क को ले जाना चाहते हैं पश्चिम की ओर तो शिक्षा ले जाती है पूर्व की ओर । देश में हम सोशलिज्म लाना चाहते हैं, देश को हम सोशलिस्ट बनाना चाहते हैं और मुल्क को उस दिशा में बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन हमारी शिक्षा प्रणाली है कैपिटलिज्म पर आधारित। हमारी सरकार समाज मे या राष्ट्र मे जो सुधार करना चाहती है उसके संबंध में हमारी शिक्षा कोई सहयोग नही देती है। इसी का आज यह नतीजा है कि हम अच्छी से अच्छी नीतियां बनाते हैं, लेकिन उनका इम्पलीमेंटेशन नही हो पाता और इसलिए नहीं हो पाता कि कालेजों से निकल करके जो ऐडमिनिस्ट्रेटर अपने पास आते हैं वे आज की बुनियादी नीतियों के बिल्कुल खिलाफ है क्योंकि उनको जो शिक्षा मिली है वह आज की बुनियादी नीतियों के खिलाफ है। इसलिए आप अपनी गाड़ी चलाना चाहते है पूर्व की ओर, लेकिन जो उसमें बैल जुड़े हुये हैं वे

उसे ले जाते हैं पश्चिम की ओर। सब से बडी मुश्किल यह है। आप सेकुलर्जिम की बात कहते है और आप अपने मुल्क को सेकुलर बना रहे हैं। उसके ऊपर आप को नाज है, लेकिन आप जो इतिहास पढा रहे है उस मे मुस्लिम पीरियड का इतिहास है और आप की शिक्षा उस के साथ मेल नही खाती। आप का मुल्क गरीब है। आप चाहते हैं कि यहा लेबर की डिग्निटी हो, लोग लेबर की डिग्निटी को समक्ष ले, लेकिन मत्री महोदय आप जानते हैं कि हमारे कालेजो से या हाई स्कूलो से जो लडके निकलते हैं वह लेबर के नाम से ही दूर भागते है। हम रात दिन देखते हैं कि हमारे गावो के जो लडके है उन के मा–बाप किसान होते है, वे अपने हाथो से ही अपना काम करते है, लेकिन जैसे ही वह लडका स्कूल मे गया उस के बाद वह एक सेर वजन उठाने मे भी अपनी तौहीन समझता है। लेबर की कोई डिग्निटी उस के दिमाग मे नही होती। इस लिए आप जिस तरफ मुल्क को ले जाना चाह रहे है वह चल नही पा रहा है। आप जानते है कि गावो मे ज्यादा से ज्यादा शिक्षा का प्रचार हो और गाव अपने आप मे सेल्फ सफीशियेट बने, इडिपेडेट बने और गाव मे रह कर ही लोग अपने गावो की तरक्की करे, लेकिन बदनसीबी से जैसे ही गाव का लडका शहर मे आता है उस के बाद वह गाव मे वापस जाना पसद नही करता। अगर वह जाता है तो एक नयी प्रणाली, हिप्पी प्रणाली ले कर वह गाव मे जाता है जो उस गाव मे उस को अन्यत्र कही देखने को नही मिलती। तो शिक्षा मत्री महोदय, जो हमारी सब से बडी खामी है वह यह है कि जिस तरफ हम अपने मुल्क को आगे बढाना चाहते हैं उस के लिए उस तरह की शिक्षा हम नही दे रहे हैं। अगर मैं आप को इस के सबध मे उदाहरण द् तो उस मे समय लगेगा और मैं समझती हू कि इस की जरूरत नही है, लेकिन जब हम दुनिया के दूसरे मुल्को को देखते है तो पाते हैं कि उस मुल्क के कर्णधार उस मुल्क को जिस तरफ ले जाना चाहते है उसी तरह की शिक्षा भी देते है। वह उन की दिशा चाहे गलत हो या सही हो, यह मैं नही कहती और मै उस मे जाना भी नही चाहती, किन्तु हिटलर जब जर्मनी मे आया तो वह अपने मुल्क को योरप मे एक फौजी ताकत बनाना चाहता था और इस लिए उस ने शिक्षा के हर पहलू मे फौजी की शिक्षा को रखा। मै यह नही कहती की वह सही था, लेकिन अरिथमेटिक मे यदि कोई सवाल भी अगर वहा होते थे तो वह इस प्रकार के होने थे कि अगर एक बम वर्षक एक घटे मे इतने बम गिराता है तो चार घटे मे कितने बम गिरायेगा। यानी बचपन से ही बच्चो को जिस दिशा मे ले जाना होता था उस दिशा मे बढाया जाता था। उस के पतन के पश्चात् जब जी० डी० आर० ने अपनी शिक्षा प्रणाली को बदलने का विचार किया तो वहा की हुकुमत ने सब से पहला काम तो यह किया कि जो वहा के पुराने शिक्षक थे, जिन के दिमाग मे नाजियो का कीडा घुमा हुआ था या उन की आइडियोलोजी जो उन के दिमाग मे बैठी हुई थी, सब से पहले उन शिक्षको को वहा से हटा दिया गया। और उन को पढाने का काम किसी भी स्कूल मे नही दिया गया और उन के स्थान पर उन्होने अपनी आइडियोलोजी के शिक्षको को रखा। यह भी एक बडी दिक्कत थी कि उन के पास अपनी आइडियोलोजी के ज्यादा शिक्षक नही थे, तो उन्होने कुछ शिक्षको की सहायता

[श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत]

से वे दूसरे शिक्षक तैयार किये और फिर उन शिक्षकों को स्कूलों में भेजा गया। लेकिन आप सोचिये कि आज आप के शिक्षक क्या करते हैं और आज यहां की शिक्षा प्रणाली किस प्रकार की है। आज आप सेकुलरइजम का बार बार दावा करते हैं, लेकिन क्या आज आप के स्कूल सांप्रदायिक चीजों का अड्डा बने हुए नहीं है? क्या आज वहां सांप्रदायिकता के बीज नही बोये जा रहे हैं? मैं कहती हूं कि आप के मिडिल स्कूलों से ले कर यूनिवर्सिटी तक आज सांप्रदायिकता के बीज ही नही बोये जा रहे हैं, बल्कि वहां शिक्षा के साथ साथ कम्यूनलिजम की शिक्षा और दीक्षा दी जा रही है। इस बात को आप को स्वीकार करना होगा। यह पहले हाई स्कूल्स तक था, अब यह बढ़ कर कालेजों और यूनिवर्सिटी तक पहुंच गया है। केवल हिन्दू यूनिवर्सिटी में ही कितनी शाखायें चल रही हैं। अभी लखनऊ यूनिवर्सिटी में जो कांड़ हुआ, आप के ही प्रदेश में वह क्या था? कल हमारे माननीय सदस्य ने ठीक ही कहा था कि नालंदा के बाद अपने ढंग का यह दूसरा अग्निकांड था जिस में हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जलाने का पूरा पूरा प्रयत्न किया गया। यह हमारी आंखे खोलने के लिए कम नही है कि यूनिवर्सिटियों में और कालेजो में इस तरह का तबका पैदा हो रहा है, पनप रहा है और फल फूल रहा है और मजा यह है कि दूसरे राज्यो मे जहां इस प्रकार की शाखायें चलती हैं वहां उन को सरकारी ऐड दी जा रही है। मैं राजस्थान की मिसाल देकर कह सकती हूं कि "विद्या निकेदन" नाम की संस्था की जगह जगह पर ब्रांचेज खुली हुई हैं उनमें खुलेआम इस तरह का प्रचार किया जाता है, इस तरह की शिक्षा दी जाती है, इस तरह की दीक्षा दी जाती है। राज्य सरकारें जानती हैं, नियम भी ऐसे हैं, कायदे भी ऐसे हैं लेकिन अफसोस है कि इन मामलों में आप इम्प्लीमेंटेशन नहीं कुछ कर सकते, यह हमारी बुनियादी कमज़ोरी है और कमज़ोर बुनियाद के ऊपर शिक्षा का महल नहीं बन सकता, चाहे साक्षर हो जायं लेकिन शिक्षा का जो सही मंशा है वह पूरा नही होगा और जो आदर्श और उद्देश्य ले कर आप देश को आगे ले जा रहे हैं वह सपने इस शिक्षा को बुनियाद के ऊपर पूरे नहीं हो सकेंगे।

मैं आपका ध्यान कुछ दूसरी बातों की तरफ भी दिलाना चाहूंगी। शिक्षा को ले कर के आपके यहां नेशनल बुक ट्रस्ट चलता है। मैं जानना चाहूंगी कि आज तक उसका क्या क्या कांट्रीब्युशन है। इस तरह से कई जगह है, इस तरह के अनेक ट्रस्ट या इस तरह के अनेक प्लान बना कर के सफेद हाथी शिक्षा विभाग में बांध रखे हैं जिनका कांट्रीब्युशन कुछ नहीं होता और खर्चा करोड़ों रुपयों का जाता है। मैं सिर्फ इसी का ही नहीं कहती हूं, दूसरे काम हैं, ट्रांस्लेशन का काम दे रखा है, अनेकों काम हैं, उनको देखा जाय तो करोड़ों रुपया खर्च होता है और जो हमारा मकसद है, जो मंशा है, वह पूरी नहीं हो पा रही है। हम फिर से ठीक से देख कर के कि इस महान राशि को कहां ठीक ढंग से खर्च करें जिसका कि सदुपयोग हो सके, यह देखना है। तो इस नज़र से इसको देखा जाय।

जब हम अपनी साक्षरता और लिट्रेसी की ओर ध्यान देते हैं तो अफसोस होता है। हमारा मुल्क शायद 338 मिलियन निरक्षर लोगों से भरा हुआ है। हमारे ताजे आंकड़े बताते हैं कि निरक्षरता बढ़ी है, आबादी के साथ

निरक्षरता भी बढी है। अभी उधर बोलने वालो ने कहा कि अगर दो तीन महीने ग्रीष्म अवकास मे चले जाय तो साक्षर कर सकते है। मै इस बात मे विश्वास नही करती। यह बहुत बडा काम है। करोडो लोगो को शिक्षित करना, गावो मे जा कर के करना बहुत बडा काम है, उनका जो सामाजिक बैकग्राउड है, जो आर्थिक स्थिति है उसमे जा कर के साक्षर करना बडा मुश्किल है। यह केवल अकेले सरकार के बस की बात नही है। यह तभी हो सकेगा जब कि इसमे पब्लिक को, आम जनता को, पीपुल्स को, उसमे डाले, एक ऐसा ड्राइव हो कि जो इस निरक्षरता को हटाने मे दृढ हो और तभी यह हो सकता है। केवल सरकार के बूते पर करोडो रुपया खर्च करने पर भी वह चीज नही हो सकती और न तो उसके लिए हमारी आर्थिक क्षमता है। दूसरे मुल्को मे हमने देखा है कि वहा ऐसा ड्राइव किया गया निरक्षरता को हटाने का और आम लोगो ने उसमे सहयोग दिया। अगर स्कूल की बिलडिग न भी बने तो औरते जो घर पर खाली रहती है वह वराडे मे बच्चो को बिठा दे और उनको साक्षर करे, औरतो को बिठा दे और उनको साक्षर करे। पहले बिलडिग बने, स्कूल बने, टीचर्स हो और उसके बाद जा कर यह हो तो उसमे कितना वक्त लगेगा। मै आपसे कहूगी कि आप जनता का ध्यान इसमे डाले, जनता से कुछ काम ले, जो खाली बैठे है, एक नही लाखो व्यक्ति ऐसे है जिनके पास कुछ काम नही होता, कुछ लोग ऐसे होते है जो कि भलाई का काम भी करना चाहते है तो उन लोगो को साक्षरता के काम मे लगाये। निरक्षरता को हटाने के लिए आम जनता का सहयोग होना चाहिए। (*Time bell rings*)

काफी वक्त है और बोलने वाले भी बहुत ज्यादा नही है। आप मुझे इजाजत दे।

श्री उपसभापति बोलने वाले बहुत है यही तो दिक्कत है।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत तो क्षमा कीजिए, मै जल्दी जल्दी दो तीन बाते रखना चाहती हू।

हमने आर्ट प्रिजर्वेशन का पिछले समय कानून बनाया था लेकिन उस कानून के अभी तक रूल्स एड रेगुलेशस नही बने। बन भी गये हो तो मुझे पता नही लेकिन अभी तक उसका इम्प्लीमेंटेशन नही हुआ। अगर हो चुका है तो आप बताइयेगा कि कितने लोगो की ऐसी जो कलाकृति– या है उनका रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इतना अधिक वक्त लगने की वजह से लोगो ने उनको अडरग्राउड कर दिया है, उनको उन्होंने बेचना शुरू कर दिया है। इतना लम्बा समय जो लगा है उसकी वजह से यह हो रहा है। मै आपका हैदराबाद के निजाम की ओर ध्यान दिलाना चाहगी। उनके पास एक बहुत बडा आर्ट ट्रेजर है। वह खुद यूरोप मे रहते है।

चोरी-छिपे उस आर्ट ट्रेजरी की बहुत दुर्दशा हो रही है, लोग वहा की चीजे चुरा रहे है, बेच रहे है, इधर-उधर ले जा रहे है। मै नेशनल म्यूजियम की ओर भी थोडा सा आपका ध्यान दिलाना चाहती हू। आपने 3 नेशनल म्यूजियम्स किए, अच्छा किया, लेकिन म्यूजियम मे यह होता है कि अपने यहा की जो चीजे है वह तो है, बाहर की चीजे भी रखी होती है। अगर हम इस नजरिए से देखे तो हमारे नेशनल म्यूजियम मे बाहर की कला- कृतिया नही है जिससे बाहर की चीजे भी हम यहा के लोगो को पूरी दिखा सके।

[श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत]

दूसरी बात जिसकी ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहूगी वह यह कि दिल्ली मे, जहा कैपिटल है, हमारा एक नेशनल म्यूजियम है, वहा पर दर्शक लोग इतनी कम सख्या मे देखने के लिए क्यो आते है? क्या आपने इसको स्टडी किया? मैने सालारजंग का म्यूजियम हाल मे देखा। रोजाना हजारों आदमी वहां आते है। जयपुर के म्यूजियम में भी करीब हजार की औसत है देखने वालों की। लेकिन यहां पर कम क्यों है? क्या जिस तरह की चीजें साधारण लोगों के देखने की होती है उस तरह की चीजें नही है। इसके साथ मैं निवेदन करूंगी कि हमारे म्यूजियम में जो लोग ज्यादातर रखे जाते है, यह इतना बड़ा स्टाफ क्यूरेटर का लगा कर, उनको म्यूरोलोजी की जानकारी कम होती है, न्युमिस्मेटिक की जानकारी कम होती है। कम से कम राजस्थान मे न्युमिस्मेटिक जानने वाला कोई नही। उनकी ट्रेनिग का किया जाना बहुत जरूरी है। *(Time bell rings)*

बार बार घंटी वज रही है। मै एक ही मिनट मे खत्म कर दूगी। अब मैं आपका ध्यान स्पोर्ट्स की तरफ दिलाना चाहती हू। स्पोर्टस को लेकर ओलम्पिक्स खेलों में जो हमारी गति हुई है वह सबके दिल को तोडने वाली है। श्रीमन्, और मुल्कों ने क्या कुछ किया है स्पोर्ट्स के मामले में और क्या हमने किया है? मैने सुना है, कोई आपके हाथ मे ऐसा प्लान है कि जिसमे अलग अलग टीमों को फार्म करने के लिए, उसके लिए सेलेक्शन करने के लिए कोई पद्धति रखी गई है। चाहे पाच-चार स्पोर्ट्स ही हम चुने लेकिन अच्छे लोगो को सेलेक्ट करके उनको बराबर तालीम दी जाए, उनके लिए अलग से इन्स्टीट्यूट ट्रेनिग और कोचिग का हो और इसके साथ ही उनको छात्रवृत्ति के आधार पर जो नकद धन आप देते है वह न दें बल्कि उनको खाना और खुराक दी जाए, क्योंकि जो रुपया दिया जाता है वह दूसरे कामो मे खर्च हो जाता है। उन खिलाडियो को किस प्रकार अच्छी खुराक दी जाए, इसका आप पूरा प्रबंध करे *(Time bell rings)*

बार बार आप घंटी बजा रहे है इसलिए मै और ज्यादा नही कहूगी। आपने मुझे बोलने के लिए जो वक्त दिया उसके लिए आपको धन्यवाद देती हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr Shyamlal Gupta, kindly adhere to 15 minutes strictly. Otherwise we will have to sit up to 9.00 P.M. to finish it.

SHRI SHYAMLAL GUPTA (Bihar): Well if you extend it by an hour what is wrong with it?

Mr. Deputy Chairman, Sir, we are advocating secularism. We are basing our educational system on secularism. The Education Minister will kindly bear me out. At his instance, the V.C. of the Delhi University got passed resolutions from Academic Council and Executive Council, as my friend Mr. Tyagi first referred, to make differentiation between minority institutions, majority institutions and government institutions. The V.C. has done it at the instance of the Education Minister, Prof. Nurul Hasan. Those trusts who had spent about Rs. 10 to 12 lakhs on each institution. They are now being condemned for doing this service to the country. Although this has not yet been cleared by the Ministry or by the President but the mischief has started.

Sir, the chaos in the Delhi University, as we all know, is at its height. The staff councils have opposed the opening of evening colleges and the administration of the Delhi University has given too much weightage to their opinion or to their decision. I last time also I mentioned about the surplus staff. We are pending about Rs. 1000 or each member of the staff and hundreds of teachers are surplus in the Delhi University colleges, what to talk

of other Universities My friend Mr Iyagi, mentioned about the money we spend on the Delhi University Well during the Winter Session the report of the U G C was presented and I spoke on it Seven crores of rupees were spent on the Delhi University and the Jawaharlal University out of a total of Rs 31 crores on a half per cent population of the whole country Now is it secularism Is it not famishing other areas at their cost We are over feeding a small pocket I am not against it We should pay them more but it should be equitably distributed rather than give more to one region and famish the other regions In Bihar the universities are not able even to pay the salaries of the staff and library books are not purchased by them These things have been mentioned again and again Our hon Minister is aware of all these things and let him take care of them Kerala comes next The Muslim League which is a partner in the parties forming the Government took exception to some portions in a text book and they agreed to it Now he may say that it is a State subject The ruling party is having Governments everywhere They are responsible for it They had to take out the passage at the instance of the Muslim League Is it secularism

I come to the Banaras Hindu University They are all nominated members so far What about that? Is the Vice Chancellor Dr Shrimali functioning well in the University As the reports are heard not care for any democratic set up there In regard to the Aligarh Muslim University as my hon friend just mentioned we have to appease the minorities A Bill may come here shortly just to appease the minorities and to remove certain sections to which the minorities are opposed

Now I may mention some other things The National Council for Educational Research and Training NCERT—which is a wing of the Ministry of Education is responsible for the preparation of text books manuscript and the sale of books Our students are without books for six months because the officers working there are most inefficient They are not able to provide *text books to our students* I can prove it by whatever evidence the Minister may want me to produce During the winter session I had asked the Minister of Education about the working of the Hindi Directorate We must have spent about Rs 10 crores on its working during the past twenty years Now what is the result The Minister had very kindly agreed to give me the details but as is the case with all the Ministers, these are never looked into I had specifically mentioned about the money you had advanced to publishers for translations of books which have never seen the light of day and they will never see the light of day All the money has been wasted Why all these things The administrators just throw away money into the gutters We say that the money allocated is less than what we want Well if the money which we budget for is well spent then it can bring in a better result, than asking us for more and more grants The Education Minister may or may not agree with me But I am of the opinion that we do not spend the money in a rightful manner so that more and more education could be spread by the money which we get We do not want more money The Ministry of Education should work well the administrative charges should be much less than what they are today Well I will not take much time about that

During the winter session in reply to my question the Minister had very kindly consented to go into the details of the publications of regional books translation of books into the regional languages Nothing has been done so far I have sent two or three letters to the Education Minister and to the Chairman of the University Grants Commission But no reply has so far been received because these are questions which are unpalatable and why should the Education Minister or the Ministry's officers take cognizance of it Well we have spent crores of rupees and we are wasting it Let the money be spent and be wasted This attitude is very much against the welfare of the State

Most of the States have nationalised books Books are the media for the spread of education I would request the Education Minister Prof Nurul Hasan to collect those books and see the quality whether we are able to provide books of a high quality to the students of those States They are always far behind the schedule when the colleges and the schools open If a private publisher is not able to publish a book in time there is a penalty

[Shri Shyamlal Gupta]

clause, but there is no such penalty clause in regard to others. They are superhuman, they are above all others and the officers are answerable to none. Now, Sir, take the National Library, Calcutta. Everything is in the doldrums. There is the Rajah Ram Mohan Roy Trust. About a crore has been earmarked and what is the outcome? The National Book Trust's publications are being dumped into the library. And after the money has been spent we shall have a report that so much money has been spent on Rajah Ram Mohan Roy Trust Library although not much will come out of it. The National Book Production Board was started about 10 years ago. What is the outcome? What work have they done? What has the Government done to improve the productivity of books and what have they helped about the indigenous production of books which are the media of the education of children? As mentioned by our sister here what about the athletes, or students welfare? You are responsible for youth welfare also. Is it their welfare that in all the campuses the students are going out of the hands of the teachers and even the Vice Chancellor is not able to control them? It is only because our policies are wrong. In Delhi the staff of a college have 18 periods to teach out of which 8 to 10 are preceptorials. Nobody is interested. The students or the teachers, they do not care. Why? Because the University condones absence from them. The idea was very laudable. The idea was to have small groups of students to give them good teaching to sort out their difficulties. But actually it is not being done. Why? Because among the teachers nobody wants to work. Will the Education Minister kindly look into it? If need be I can explain to him personally. He is a busy man and will not have time. I addressed him two letters about it but no reply so far has come. I do not think even my mention here will bear any fruit. But I think it is my duty to mention whatever I feel about it.

Sir, the surplus staff of the colleges, as I said last time also, creates mischief mongering. On the Delhi colleges we spend Rs. 7 crores but what is being done with this money? The surplus staff is there but there are no boys to teach. What is the fun in wasting so much money of the nation if the staff does not work? I have been mentioning this for the last two years to the Vice Chancellor and even to the Chairman of the U.G.C. and the Minister himself but nothing has been done because we are afraid of the Union of the teachers. They have to be appeased, otherwise the chair of the Minister and the Vice Chancellor will shake. If we have to administer these things should not deter us from the right path.

Other have taken up so many other points. I will not repeat them. But I will request the Education Minister who is an enlightened person and a teacher himself to try to take action on the points which we have mentioned here and if he thinks fit he may take us into confidence and we will certainly help him in many matters.

पंडित भवानी प्रसाद तिवारी (मध्य प्रदेश) उप-सभापति महोदय, मै आपके विवाद मे सबसे पहले जो शिक्षा मत्रालय मे मत्री है उनके द्वारा जो एक विशेष कार्य हुआ है, उसकी तरफ लोगो का ध्यान दिलाना चाहता हू कि जहा तहा प्रदेशो मे ग्रथ अकादमिया बनी है और उन पर द्रव्य खर्च किया गया है इसलिए कि भारतीय भाषाओ मे वे ग्रन्थ उपलब्ध हो सके जो विदेशी भाषाओ मे है और हमारे यहा नही है, जो तकनीकी ग्रन्थ है जिनकी बहुत आवश्यकता है, तो जो काम विभिन्न सूबो मे हुआ है, जो प्रतिवेदन आपा है इन ग्रन्थ अकादमियो का वह बडा सतोषजनक है।

दूसरी बात मै यह कहना चाहूगा कि जो योजना यहा से प्रसारित की गई थी कि जो किशोर और तरुण विद्यार्थी है उनको काम मे लगाया जाए, छुट्टियो के वक्त उनसे काम लिया जाए, श्रम भी और पढाने का भी, जिन्होने भी इस बात को पकडा है और जहा जहा यह काम हुआ है वहा उल्लेखनीय प्रगति दिखाई पडी है और एक प्रकार से उपद्रवो से विद्यार्थी बचे रहे है। जो यहा से प्रारभिक शिक्षा के सम्बन्ध मे, माध्यमिक

शिक्षा के बारे मे और उच्च शिक्षा के बारे मे अच्छी से अच्छी योजनाये चली और पाचवी योजना मे क्या उपस्थित किया जाए वह भी अच्छी से अच्छी चीजे सामने आई। सहानुभूति से विचार करने का, सोचने की बात यह है कि केवल इस वक्त ही नही, इन 25 वर्षो मे शिक्षा मत्रियो और शिक्षा मत्रालय ने अच्छे से अच्छा मार्गदर्शन किया, समस्याओ पर अच्छे मे अच्छे प्रतिवेदन उपस्थित किये है और फिर भी जो परिणाम प्रस्तुत है देश के सामने वह करीब करीब शून्य है।

ये छोटी छोटी बाते जो अभी कही उनको छोड कर । जो मुख्य कठिनाई शिक्षा मत्रालय और शिक्षा मत्री की ह वह मै इस तरह से सोचता हू कि सब से बडी विषमता जो सविधान ने शिक्षा की स्थिति की कर के रखी है वह इसका मुख्य कारण है और इसी मुख्य कारण मे से अनेक विषमताओ ने फैल कर के शिक्षा के क्षेत्र को जो नही बनना था वह भी बना दिया। उदाहरण के लिए अच्छी से अच्छी योजना यहा से जाय और कोई प्रदेश उसे न लागू करे तो यहा से क्या किया जा सकता है। इसी तरह से अच्छी से अच्छी योजना प्राथमिक शिक्षा की भेजी जाय और जिन के हाथ मे प्राथमिक शिक्षा चलाने का अधिकार है, चाहे वह म्युनिसिपैलिटी हो, चाहे वह कारपोरेशन हो, वह उसे लागू न करे, उस दिशा मे न जाकर और दिशाओ मे जाय तो क्या किया जा सकता है। इसी तरह से युनिवर्सिटियो मे, उच्च शिक्षा मे भी यहा से कोई नियत्रण नही है। यू० जी० सी० इतना पैसा देता है और जिन को पैसा देता है वे स्वायत्त सस्थाए है और उन स्वायत्त सस्थाओ मे जो विद्यार्थी है वे बड़ी उम्र के हो जाते है कालेजो मे पहुच कर के और वे उच्छृखल हो गये है ठीक मार्गदर्शन के अभाव मे या यह समझिये कि इन विषमताओ के प्रभाव से।

एक और यह मुख्य विषमता है कि शिक्षा की प्राथमिक शालाए भी अनेक प्रकार की है जिन मे अनेक शासन उनके उत्तरदायी है। ठीक इसी प्रकार सरकारी माध्यमिक शालाए है, पब्लिक स्कूल्स है और और तरह के स्कूल्स है। इसी तरह से उच्च शिक्षा मे भी प्राईवेट कालेजेज है और गवर्नमेट कालेजेज है और युनिवर्सिटी की अपनी शिक्षा अलग चलती है। कही पर युनिवर्सिटी कालेजेज को अफिलिएट कर के चलती ह और युनिवर्सिटी का अपना शासन कालेजेज पर नही चलता है।

जो शिक्षक और शिष्यो के सम्बन्ध पुराने जमाने से चले आये थे वे सब टूट-फूट गये है। सब जगह द्रव्य चलता है, पैसा चलता है, पैसे से सब चीजो को खरीदा जा सकता है। फर्स्ट क्लास भी इम्तहान मे, परीक्षा मे, खरीदा जा सकता है और ऐसा होता ह । आतककारी प्रवृत्तिया शिक्षा के जीवन को प्रभावित कर रही है जो सर्वत्र दिखाई देती ह। अभी कल ही उदाहरण यहा पर आया और जो कानून और व्यवस्था का प्रश्न था उसमे भी विद्यार्थियो का उल्लेख हुआ । पुलिस मे विद्यार्थियो की साठगाठ का एक नक्शा उपस्थित हुआ जिसमे लखनऊ मे अराजकता की स्थिति पैदा की और एक भयकर अग्निकाड हुआ शिक्षा के क्षेत्र मे। इन विषमताओ की जड को खोद कर जब तक नही बहाया जायगा तब तक जो भी वचन हम देते है, जो भी उद्देश्य हम सामने रखते है सब इसी प्रकार मे असफल होते चले जायगे। कौन ऐसा ईमानदार शिक्षाविद् नही है जिस ने ऐसा महसूस न किया हो, यह स्वीकार न किया हो कि

[पडित भवानी प्रसाद तिवारी]

शिक्षा की पद्धति को आमूल बदलने की आवश्यकता है, मगर जैसा कि सकेत किया गया कि कही कोई आमूल परिवर्तन हो नही सका। अच्छे से अच्छा रिसर्च वर्क हमने जरूर इकट्ठा कर लिया, पर हम किसी के जीवन मे कोई परिवर्तन नही कर सके। जो अभी त्यागी जी ने कहा उनकी बात को मै दूसरी तरह से कहता हू कि गाधी जी ने इस सबध मे यह कहा था कि यदि शिक्षा मे चरित्र निर्माण का कोई काम नही हो रहा है तो मै उसको कोई महत्व नही देता।

